Viraj Shri Ram Centennial School
CBSE Affiliation No. 1130525

दिनांक : 30 अगस्त 2021

मा. प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,

विषय : 'रेनू' राष्ट्रीय हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता 2021-22

महोदय / महोदया,

वक्ताओं की ताकत भाषा,
लेखक का अभिमान है भाषा,
भाषाओं के शीर्ष पर बैठी,
मेरी प्यारी हिंदी भाषा।

हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है। हिन्दी मात्र एक भाषा नहीं, अपितु हमारी मातृभाषा भी है क्योंकि जिस देश को अपनी भाषा के साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता। अतः आपको यह सूचित करते हुए हमें अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि राष्ट्र भाषा के प्रति इसी लगाव और प्रेम को प्रोत्साहित करने हेतु एवं हिन्दी भाषा के समुचित प्रसार-प्रचार एवं सम्मान देने के लिए रविवार दिनांक **10 अक्टूबर 2021** को हमारे विद्यालय परिसर में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी पाँचवाँ **'रेनू' हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय है- **" नया कृषि विधेयक भारतीय किसानों के लिए संजीवनी।"**
अतः कृपया **दिनांक 05 अक्टूबर 2021** या उससे पूर्व इस प्रतियोगिता हेतु आपके सहभागिता की पुष्टि कर हमें अनुगृहीत करें।

*** प्रतियोगिता हेतु विस्तृत जानकारी एवं नियमावली पत्र के साथ संलग्न है।**

सधन्यवाद।

भवदीय

श्री सुखजीत सिंह
(प्रधानाचार्य)

School Address:
Survey No: 27, Near Kurgaon Gram Panchayat Office, Kurgaon, Taluka: Palghar, Boisar-Tarapur Road, Boisar (West), Palghar - 401 502, Maharashtra.
Tel : 8554-9988 33 / 44, Email: info@vsrcs.com / Website: www.vsrcs.com

नियमावली-

- ✓ प्रतियोगिता दिनांक **10 अक्टूबर 2021** विद्यालय परिसर में सद्यस्क (Online) माध्यम से प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होगी।
- ✓ इस प्रतियोगिता हेतु **कक्षा नवमी से बारहवीं** तक के छात्र भाग लेने के पात्र हैं।
- ✓ प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक वक्ता द्वारा केवल हिन्दी भाषा का प्रयोग अपेक्षित है।
- ✓ प्रत्येक विद्यालय से **दो विद्यार्थियों (एक पक्ष एवं एक विपक्ष में)** का भाग लेना अनिवार्य है।
- ✓ प्रत्येक वक्ता को अपना मत व्यक्त करने के लिए **03:00** मिनट का समय दिया जाएगा।
- ✓ वाद-विवाद के दौरान किसी भी तरह के सहायक सामग्री उपयोग करने एवं समय सीमा से अधिक का उपयोग करने पर **नकारात्मक अंकन** होगा अर्थात अंक काटे जाएँगे।
- ✓ प्रतियोगिता के लिए मापदण्ड निम्नलिखित हैं-

  विषयवस्तु (15 अंक), भाषा (10 अंक) , वाक्पटुता (10 अंक) , आत्मविश्वास (5 अंक) ।
- ✓ निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
- ✓ प्रत्येक विद्यालय से **एक शिक्षक अथवा शिक्षिका** एवं प्रतिभागियों के अभिभावक भी इस प्रतियोगिता के साक्षी बनने हेतु आमंत्रित हैं।
- ✓ **प्रतियोगिता का परिणाम** प्रतियोगिता के तुरंत बाद घोषित किया जाएगा।
- ✓ कृपया दिनांक **05 अक्टूबर 2021** या उससे पूर्व पत्र के साथ संलग्न गूगल **प्रतिपुष्टि पत्र** (Google form) के द्वारा प्रतियोगिता हेतु विद्यालय की भागीदारी की पुष्टि करें।
- ✓ गूगल **प्रतिपुष्टि पत्र** (Google form) भरने के उपरान्त सभी प्रतिभागियों को Zoom meeting ID and password दिए गए WhatsApp क्रमांक पर दिनांक **07 अक्टूबर 2021** को भेजा जाएगा ।
- ✓ वाद-विवाद के दौरान किसी भी तरह की सद्यस्क (Online network) **समस्या के कारण यदि** वक्ता अपना **वक्तव्य पूर्ण नहीं कर पाते तो उतने ही वक्तव्य का अंकन** होगा उन्हें **पुनः अवसर नहीं दिया जाएगा।**
- ✓ अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक **+91 9923004566 / 9004118524** पर संपर्क करें।

पुरस्कार विवरण-

- ✓ विजेता विद्यालय एवं विद्यालय के छात्रों को श्रेष्ठता प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
- ✓ सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।
- ✓ **विशेष -** यदि प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय विजेता घोषित किया जाता है तो उस स्थिति में द्वितीय स्थान पर आये विद्यालय को विजेता घोषित किया जाएगा ।
- ✓ प्रतियोगिता हेतु विद्यालय की भागीदारी की पुष्टि करने के लिए निम्नलिखित **प्रतिपुष्टि पत्र** (Google form) द्वारा विद्यालय की भागीदारी की पुष्टि करें।

https://forms.gle/RMGyJkcLdUnFQ4HV8